सार-समाचार

अनुपस्थित चिकित्साधिकारी व स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओ नोटिस थमाया

करौली । चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा कमियों में सुधार लाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश चंद मीना ने जिले के चार चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए तीन चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मी को कारण बताओं नोटिस जारी कर एक दिवस की सैलरी काटने के निर्देश दिए। इस दौरान डीपीसी-आईईसी लखन सिंह लोधा मोजूद रहे। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर धनीराम सरपंच का पुरा, पीएचसी कोंडर, पीएचसी फतेहपुर और पीएचसी कोटरी का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं रिकॉर्ड संधारण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सुधार और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्धारित यूनिफॉर्म में रहने के लिए पाबंद किया। सीएमएचओ ने चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में आने वाले मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने संस्थानों में साफ सफाई बनाए रखने, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जांच सुविधाओं को सुचारू रखने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा संस्थानों में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने पर जोर दिया। सीएमएचओ ने कहा कि सभी स्वास्थ कर्मी अपनी-अपनी जिम्मेदारी व दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

सर्व ब्राह्मण महासभा के डांडिया महोत्सव में उमड़ा उत्साह, गरबा-डांडिया की धूम

गंगापुर सिटी । सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शुक्रवार को विजय पैलेस मैरिज होम में डांडिया महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में समाज के लोगों, मातृशक्ति और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से आयोजन स्थल को उत्सवमय बना दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति, उल्लास और सामाजिक एकता का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण महासभा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शैल शास्त्री रहीं। मंचासीन अतिथियों में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल शर्मा (पार्थ), डॉ. राजेन्द्र शास्त्री, महिला प्रकोष्ठ की संभाग प्रभारी सावित्री शर्मा, संभाग अध्यक्ष शारदा शर्मा, जिलाध्यक्ष शिवचरण शर्मा, कार्यक्रम संयोजक मिथलेश व्यास, मुकेश देहात, राजकुमार उपाध्याय, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी, पूर्व सभापति संगीता बौहरा,नीरज दीक्षित, अनिता अवस्थी, अतुल शर्मा एवं रविदत्त जैमिनी सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी ने मां दुर्गा की आरती कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा माता रानी के जयकारों के साथ महोत्सव का आगाज हुआ। भक्ति गीतों और डांडिया की मधुर धुनों के बीच महिलाओं एवं युवाओं ने पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा, ताल से ताल मिलाते कदमों और उत्साह से भरे वातावरण ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। महोत्सव के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न डांडिया गीतों पर सामूहिक नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष आकर्षण रही। आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम ने समाज के लोगों को एक मंच पर एकत्रित कर आपसी मेल-मिलाप, सहयोग और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का संदेश दिया। आयोजन को सफल बनाने में महासभा के पदाधिकारियों, मातृशक्ति, युवाओं एवं सहयोगकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संभाग अध्यक्ष शारदा शर्मा ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी समाजबंधुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन विनय तिवाड़ी ने किया। डांडिया महोत्सव उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के बीच संपन्न हुआ। इस आयोजन ने समाज की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने, नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने तथा सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष ममता उपाध्याय, युवा अध्यक्ष अर्चना शर्मा, रीनू व्यास, अनिता व्यास, अनिता शर्मा, आरती शर्मा, अंजली दुबे, किरण शर्मा, पिस्ता शर्मा, रेणुका, निशा शर्मा, मीना, मोना, अंजू, रीना, महामंत्री संगीता शर्मा, अंजली शर्मा, नीतू, राखी, शिवानी, कोमल, गौरी शर्मा, सोनिया, तरूणा शर्मा, मधु, मीना, छवि, सीमा, प्रेम, रेणुका, मोनिका, गायत्री, सीमा, ममता, ज्योति, सपना, संयोजक देवेन्द्र शर्मा, विजय शर्मा, मनीष व्यास, राधारमण, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, सुनिल शर्मा, प्रेम चंद गौतम, विष्णु गुरुजी, जितेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र साहरिया, अविनाश शर्मा, भूपेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

सफाई कर्मचारियों पर मनमानी का आरोप

सरमथुरा, धौलपुर। नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है। करौली बस स्टैंड से लेकर थाने तक और देवी टॉकीज के सामने कई दिनों से सफाई नहीं हुई है । सड़क किनारे कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों और दुकानदारों में नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों की मनमानी को लेकर आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई नहीं कराई जा रही है। गंदगी के कारण दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

बाल संसद से बुलंद होगी छात्राओं की आवाज

सरमथुरा। पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सरमथुरा में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से बाल संसद का गठन किया गया। उपप्राचार्य भगवान दास की देखरेख में सर्वसम्मति से कक्षा 12 की छात्रा गुलशन जादौन को अध्यक्ष और निदा खान को उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही गोलमा मीना को स्वच्छता, निक्की सोनी को सांस्कृतिक, विकेश मीना को खेलकूद और तनिष्का त्रिपाठी को शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया। शिक्षक राजू सैन ने सभी को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। नवनियुक्त अध्यक्ष गुलशन ने कहा कि बाल संसद छात्राओं और प्रशासन के बीच संवाद का माध्यम बनेगी। उपाध्यक्ष निदा ने छात्राओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने का संकल्प व्यक्त किया। प्रधानाचार्य रमेश चंद मीना ने कहा कि बाल संसद नेतृत्व, आत्मविश्वास और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

गिर्राज व गोपाल का प्रदेश कार्यकारिणी में मनोयन

गंगापुर सिटी । अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन पूर्वी राजस्थान के प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री पवन कुमार अग्रवाल एवं प्रदेशाध्यक्ष सुधीर कुमार गर्ग की अभिशंषा पर प्रदेश महामंत्री राजेश मित्तल ने गंगापुर सिटी अग्रवाल समाज के गोपाल गर्ग, गिर्राज रोसी वाले को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया है। गोपाल गर्ग व गिर्राज रोसी वाले के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी, मिर्जापुर व उदेई मोड के सभी सदस्यो, सभी इकाईयो के पदाधिकारियो ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।

आमजन मतदान के लिए प्रेरित

गंगापुर सिटी। पंचायतीराज चुनाव के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पंचायत समिति गंगापुर सिटी में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंचायत चौपालों का आयोजन किया गया। ब्लॉक के स्वीप नोडल प्रभारी डॉ. जगदीश गुर्जर विकास अधिकारी पंचायत समिति ने मतदान के महत्व के बारे में बताया कि यह लोकतंत्र का त्योहार है हम सब की मतदान करने की नैतिक जिम्मेदारी है। विकास अधिकारी ने बताया कि आज ग्राम पंचायतों में पंचायत चौपाल का आयोजन कर और मतदाता शपथ दिलवाकर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में मतदान जागरूकता संबंधी संदेश भी दिए गए। पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के लिए सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए आम मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है जिस से चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि का प्रयास किया जाएगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के बयान का कांग्रेसियों ने विरोध जताकर पुतला जलाया

करौली । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी करौली के तत्वावधान में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन सिंह राठौड के पाकिस्तान के संदर्भ में दिए गए कथित बयान के विरोध में जिला मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला जलाया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के कथित बयान को लेकर जिला कांठोस अध्यक्ष घनश्याम मेहर ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारण भारत को कई बार गंभीर क्षित उठानी पड़ी है। पुलवामा आतंकी हमले में 40 वीर जवानों की शहादत तथा पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या देश कभी नहीं भूल सकता। जिला अध्यक्ष ने कहा की ऐसे संवेदनशील विषय पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा दिया गया बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों और



अजमेर कांग्रेस जनो ने मदन राठौड़ का पुतला जलाया ।

शहीदों का सम्मान प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि कांठोस पार्टी सदैव देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रीय सुरक्षा और वीर सैनिकों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है। देश के शहीदों और आतंकवाद से पीड़ित परिवारों की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। भाजपा नेताओं को अपने बयानों में राष्ट्रीय हितों और देशवासियों की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए।प्रदर्शन के दौरान कांठोस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के बयान के विरोध में नारेबाजी की तथा पुतला जला कर विरोध जताया कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांठोस पार्टी जनहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय सम्मान से जुड़े मुद्दों पर हमेशा अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। इस मौके

- राष्ट्रीय हितो और देशवासियों की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए : घनश्याम मेहर

पर जिला कांठोस अध्यक्ष घनश्याम मेहर के साथ पीसीसी सचिव भूपेंद्र भारद्वाज लज्जाराम वर्मा, दीनदयाल शर्मा,प्रोफेसर विश्राम बैरवा, शरदों गुर्जर रविंद्र बेनीवाल,वेद प्रकाश शर्मा, महेंद्र सूरोठिया, मानसिंह मीणा धर्म सिंह मीणा, रोहित गुप्ता, शिवचरण जांगिड़, अमर सिंह गुर्जर, हनुमान सिंह तोमर, दिलीप सिंह, बाबू फौजी, नसरू, लवकुश, बलराम, लोकेश कंजौली, अनिल मीणा, अमर सिंह मीणा,भैरव सिंह मीणा, दीपक कोटरी,परशुराम मीणा,घनश्याम हर्निया,अमृत रिटोली एवं शिवराम काटकर सहित सैकड़ों कांठोस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिविर 22 अक्टूबर से

भरतपुर (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय भरतपुर पर 22 अक्टूबर से निपुण रेंजर प्रशिक्षण तथा बी. एस. टी. सी. छात्राध्यापिकाओं का शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सी. ओ. गाइड कल्पना शर्मा के अनुसार बालिकाओं में अनुशासन, स्वालंबन, दक्षता, आत्मनिर्भरता इत्यादि गुणों के विकास हेतु निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर तथा बी. एस. टी. सी. छात्राध्यापिकाओं हेतु शिविर का आयोजन स्काउट गाइड मुख्यालय, रेलवे स्टेशन के सामने भरतपुर में 22 अक्टूबर से होगा।विशेष रूप से बालिकाओं हेतु आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं ओपन रेंजर टीम की रेंजर गाइड सहित बी. एस. टी. सी. छात्राध्यापिकाए भाग लेंगी।

ज़मीन हड़पने की नीयत से फर्जी दस्तावेज़ बनाया

रुदावल भरतपुर (निसं)। गांव कंजोली स्थित कीमती कृषि भूमि और उस पर लगे लगभग 500 हरे पेड हडपने की नियत से फर्जी दस्तावेज़ तैयार करने और जालसाजी करने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कराया गया है। रुदावल थाना पुलिस ने बताया कि उच्चौन थाना क्षेत्र के गांव सेवला निवासी नत्थीसिंह पुत्र कंचन मीना की ओर से इस्तगासा के माध्यम से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि कंजोली तहसील रुदावल में उनकी खातेदारी की 1.76 हेक्टेयर ज़मीन स्थित है, जिस

- दो लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के तहत लगभग 500 हरे पेड़ लगा रखे हैं। आरोप है कि पड़ोसी खसरा धारक अजीतसिंह पुत्र मोहनसिंह और विजेन्द्रसिंह पुत्र गोविन्दा निवासी विरहठा थाना उच्चौन पीड़ित की मरणासन्न स्थिति और गरीबी का फायदा उठाकर ज़मीन और पेड़ों पर गैर-कानूनी तरीके से कब्जा करना चाहते थे। रिपोर्ट में बताया है कि आरोपितों ने तहसीलदार रुपवास से आदेश करवाकर 30 मई 2026 को पटवारी हल्का के माध्यम से अपनी ज़मीन का सीमाज्ञान (पर्चा मौका) करवाया। इस दौरान पीड़ित नत्थीसिंह मौके पर मौजूद नहीं था। आरोप है कि इन लोगों ने अपनी योजना को अंजाम देने के लिए पटवारी और अन्य लोगों की अनभिज्ञता का फायदा उठाते हुए पर्चा मौका दस्तावेज़ पर नत्थी सिंह का फर्जी नाम व हस्ताक्षर दर्ज कर दिए। जब पर्चा मौका की प्रति मिली, तब इस जालसाजी का खुलासा हुआ।

पक्का बाग में मकान-दुकानों पर नोटिस चस्पा होने से दुकानदारों में चिंता, पुनः पैमाइश की मांग

भरतपुर (निसं)। भरतपुर शहर के निकटवर्ती पक्का बाग क्षेत्र में अछनेरा रोड के चौड़ीकरण को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा मकानों एवं दुकानों पर नोटिस चस्पा किए जाने से स्थानीय दुकानदारों और मकान मालिकों में भय एवं चिंता का माहौल है। स्थानीय दुकानदारों एवं मकान मालिकों ने इस मामले से जिला कांठोस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद 'रामेश्वर सैनी' को अवगत कराया। मामले की जानकारी मिलते ही सैनी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनुरोध सिंह से फोन पर संपर्क कर स्थानीय लोगों की समस्याओं से अवगत कराया।

रामेश्वर सैनी ने कहा कि वर्ष 2016 में अछनेरा रोड का निर्माण

- मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो होगा विरोध प्रदर्शनः रामेश्वर सैनी

कराया गया था। उस समय सड़क के बीच बने डिवाइडर की पैमाइश एवं निर्धारित मापदंडों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में किसी भी मकान या दुकान को नुकसान पहुंचाने से पहले 'अमेरिकन गेट से होटल बाग तक अछनेरा रोड की पुनः निष्पक्ष पैमाइश कराई जाए तथा सड़क के दोनों ओर बराबर जगह लेने के मापदंडों की जांच की जाए।'

सैनी ने कहा कि प्रशासन को स्थानीय दुकानदारों एवं मकान मालिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित कार्रवाई करनी चाहिए। बिना निष्पक्ष पैमाइश और उचित प्रक्रिया के किसी भी व्यक्ति के मकान या दुकान को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने स्थानीय लोगों की समस्याओं की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से कार्रवाई की, तो क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन एवं उठा आंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। रामेश्वर सैनी ने बताया कि इस संबंध में आगामी सोमवार को जिला कलेक्टर भरतपुर को ज्ञापन सौंपकर सड़क की पुनः पैमाइश कराने तथा प्रभावित दुकानदारों एवं मकान मालिकों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की जाएगी।

माता के दर्शन कर मांगी मनौती

गंगापुर सिटी। मां गुमानो बीजासणी सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान मे करणपुर स्थित मां गुमानो यात्री निवास में आयोजित जागरण के दौरान माता रानी के भजनो पर भक्तो ने जमकर डांडिया खनखाए। डांडिया गरवा महोत्सव का शुभारम्भ समिति अध्यक्ष महेश शर्मा, उपाध्यक्ष पप्पू गुरू, दिनेश चूडी, दिनेश धौलेटा, हरिकेश पटवारी आदि ने माता रानी की ज्योत जलाकर व दीप प्रज्जवलित कर की। इसके बाद मातारानी के भजनो का ऐसा समां बांधा की देर रात तक श्रृद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। लाल लाल चौली सितारो वाली उसे पहन कर आई है मां शेरा वाली, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, पूजा की थाली सजा रखी है मां तेरी ज्योत जला रखी है आदि भजनो पर देर रात तक भक्त नाचते एंव झूमते रहे।

चंदू पटवारी की संदिग्ध मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग

हिंडौन सिटी। अठावाल समाज हिंडौन की ओर से समाज के सदस्य एवं वरिष्ठ वस्त्र व्यापारी स्व. चंद्रप्रकाश पटवारी उर्फ चंदू पटवारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर उप जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। अठावाल समाज अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में घटना को लेकर समाज एवं व्यापारी वर्ग में व्याप्त रोष और भय से प्रशासन को अवगत कराया गया।

समाज के महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि स्व. चंद्रप्रकाश पटवारी का शव 12 अक्टूबर को जलसेन तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। परिजनों एवं समाजजनों ने प्रॉपर्टी संबंधी विवाद सहित अन्य पहलुओं पर संदेह जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

'रामाश्रय कैंप' में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

हिण्डौन सिटी। राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जैन अलर्ट ग्रुप ऑफ इण्डिया, हिण्डौन सिटी की ओर से मोहन नगर स्थित श्री भुवनभानु नवीन जैन उपाश्रय में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं बेहतर जीवनशैली के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से 'रामाश्रय कैंप' का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच सहित सामान्य मेडिकल चेकअप किया गया तथा आवश्यकता के अनुसार बीमार व्यक्तियों को दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं।

शिविर में फिजिशियन डॉ. आशीष शर्मा, नर्सिंग अधिकारी धनराज अवस्थी एवं लैब टेक्नीशियन मयंक उपाध्याय ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें स्वस्थ दिनचर्या, संतुलित आहार और बीमारियों से बचाव के संबंध में

- चिकित्सकों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच को बताया स्वस्थ वृद्धावस्था का आधार

उपयोगी जानकारी दी। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, उम्र के साथ होने वाले शारीरिक परिवर्तनों को समझाना तथा समय रहते बीमारियों की पहचान एवं उचित उपचार के प्रति प्रेरित करना रहा। जैन अलर्ट ग्रुप ऑफ इण्डिया के सचिव एडवोकेट विवेक जैन ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जांच एवं परामर्श की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें नियमित स्वास्थ्य देखभाल, समय पर जांच और उचित चिकित्सकीय मार्गदर्शन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। जागरूकता एवं समयबद्ध उपचार के माध्यम से अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को नियंत्रित करने और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायता मिल सकती है। चिकित्सक डॉ. आशीष शर्मा ने वृद्धावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता, मांसपेशियों की ताकत, दृष्टि, सुनने की क्षमता तथा विभिन्न अंगों की कार्यक्षमता में धीरे-धीरे कमी आ सकती है। ऐसे में बुजुर्गों को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजग रहने और किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज नहीं करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस आयु वर्ग में उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी रोग, कोरोनरी आर्टरी डिजीज तथा हार्ट फेल्योर जैसी समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। इसी प्रकार मधुमेह लंबे समय तक रहने पर आंखों, गुर्दों एवं नसों को प्रभावित कर सकता है।

मोटे अनाज आधारित उत्पादों को व्यवसाय के रूप में अपनाने पर बल

हिण्डौन। नीति आयोग परियोजनांतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, एकोराशी, हिण्डौन (करौली) में आयोजित सात दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 30 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाजों से मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार कर ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना रहा।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. बी. एस. मीना ने प्रशिक्षणार्थियों को मोटे अनाज आधारित उत्पादों को व्यवसाय के रूप में अपनाकर आय के नए स्त्रोत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाजरा, ज्वार एवं रागी जैसे पोषक अनाजों से गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर स्थानीय


हिण्डौन सिटी में नीति आयोग परियोजनांतर्गत सात दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

स्तर पर रोजगार एवं उद्यिमता को बढ़ावा दिया जा सकता है। प्रशिक्षण प्रभारी एवं केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. प्रियांशु त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बाजरा, ज्वार एवं रागी से कुकीज तथा चॉकलेट बनाने के साथ-साथ आधुनिक मशीनों के माध्यम से ज्वार मैकरोनी, ज्वार-मोरिंगा मैकरोनी, रागी नूडल्स एवं वर्मीसेली जैसे मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उत्पादों की पैकेजिंग, लेबलिंग एवं मार्केटिंग के गुर भी सिखाए गए। डॉ. आर. के. मीना ने प्रशिक्षणार्थियों को समूह बनाकर उत्पादों के सामूहिक उत्पादन एवं विपणन की रणनीति अपनाने की जानकारी दी। डॉ. एम. के. नायक ने मूल्यवर्धित उत्पादों के विपणन एवं बाजार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। वहीं राजीविका के श्री पंकज शर्मा ने स्वयं सहायता समूहों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले विभिन्न सहयोग एवं योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा प्रोत्साहन स्वरूप ज्वार-मोरिंगा मैकरोनी के पैकेट वितरित किए गए।

सार-समाचार

टिकट वितरण को लेकर कांग्रेसियों में उभरे विरोध स्वर

करौली । पंचायत राज चुनाव के टिकट वितरण में जिताऊ प्रत्याशीओ को दरकिनार करने और निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हक को मार कर अपने चहेतों को जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्य के टिकट देने का कांग्रेस जिला अध्यक्ष पर टिकट वितरण आरोप लगाते हुए टिकट वितरण में बर्ती गई अनियमित की जांच कराने की मांग का राजस्थान युवा कांठोस टोडाभीम ब्लॉक के विधानसभा अध्यक्ष अभिराज मीणा ने कांठोस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को शिकायती पत्र भेजते हुए करौली कांठोस को बचाने को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और युवाओं कांग्रेस नेताओं ने हुंकार भरी । हिंडौन विधायक अनीता जाटव ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष घनश्याम मेहर पर टिकट वितरण में खुलेआम लेनदेन का आरोप लगाया है उधर टोडाभीम विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस नेता अभिराज मीणा ने कांठोस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को भेजे शिकायती पत्र में लिखा है कि करौली जिले और टोडाभीम विधानसभा में कांग्रेस संगठन एक बेहद नाजुक दौर से गुजर रहा है। पार्टी को चंद लोगों की निजी जागीर बनने से बचाने के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने पर जोर दिया है विधानसभा अध्यक्ष ने टिकट वितरण में जिला अध्यक्ष घनश्याम महर पर स्थानीय चुनावों में योग्यता और जिताऊ क्षमता को पूरी तरह से दरकिनार करनेऔर निष्ठावान उम्मीदवारों के हक को मारने सहित टिकट वितरण में वित्तीय लेनदेन का आरोप लगाते हुए बताया कि यह कांग्रेस की विचारधारा पर गहरा आघात हैउन्होंने पत्र में लिखा है कि यह निष्ठावान कार्यकर्ताओं का घोर अपमान है जिन्होंने सालों तक लाठियां खाईं, धूप में पसीना बहाया और विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी का झंडा बुलंद रखा, आज उन सच्चे कार्यकर्ताओं को पूरी तरह उपेक्षित कर दिया गया है।युवा नेतृत्व की पीठ में छुरा झौकने का काम किया है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का स्पष्ट संदेश है कि संगठन में युवाओं को आगे बढाया जाए। लेकिन करौली जिले में युवाओं के हक को दबाकर उनके राजनीतिक भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष (जिला कांग्रेस कमेटी) का पद पूरे जिले के संगठन को साथ लेकर चलने के लिए होता है, न कि अपनी मनमानी करने के लिए। वर्तमान अध्यक्ष की तानाशाही नीतियों के कारण आम कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। अगर आज हमने इस भ्रष्टाचार और गुटबाजी के खिलाफ आवाज नहीं उठाई, तो करौली जिले में कांठोस का किला ढह जाएगा। पार्टी के अस्तित्व को बचाने के लिए जिला अध्यक्ष को तुरंत पद से हटाने की मांग की है । जिला अध्यक्ष घनश्याम मेहर का कहना है कि आरोप निराधार हैं अभिराज मीणा को टिकट नहीं दिया इसलिए उनके आरोप लगा रहा है रहा सवाल हिंडौन विधायक अनीता जाटव का जो खुद ही स्ट्रिंग ऑपरेशन में फस रही है और झूठे आरोप लगा रही है

भजनों पर महिलाओं ने जमकर किया गरबा

गंगापुर सिटी। नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वाधान में पुरानी अनाज मंडी सीताराम मंदिर परिसर में नवरात्र अनुष्ठान व नवरात्रा महोत्सव समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। शुक्रवार को डांडिया महारास में माता रानी के भजनों पर महिलाओं ने जमकर डांडिया गरबा नृत्य कर माता को रिझाया। डांडिया महारास में क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं ने भागीदारी निभाई, साथ ही पंडाल में मां दुर्गा शेर पर सवार होकर सजीव झांकी को देखकर दर्शक मोहित हो गए और पाण्डार माता के जयकारो से गुंज उठा। झांकिया प्रतिदिन सुप्रसिद्ध झांकी कलाकार रामजीलाल शर्मा द्वारा बनाई जा रही है। शनिवार प्रातः पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री द्वारा नवरात्र के सप्तम दिवस पर मां कालरात्रि का सामूहिक रूप से विधि विधान मंत्रोंचार के साथ पूजन कराया। पंडित शास्त्री ने कहा कि यह मां कालरात्रि का सबसे उग्र स्वरूप है मां इस रूप में गंधर्व पर सवार होकर दुष्टों का नरसंहार करती है। अत्यंत भयानक रूप में भी माता सदैव भक्तों की रक्षा करने व शुभ फल देने वाली है। माता के इस रूप को शुभंकारी भी कहा जाता है। शाम 7 बजे महा आरती के आयोजन में पूर्व सभापति गीता देवी नरूका, दीपक नरूका, गोविंद प्रसाद बरनाला, दीनदयाल मच्छीपुरा, रामचरण ठिकरिया, दीपक सिंघल, महेश शर्मा, चिमन सिंह फौजदार, गोपाल मित्तल, भगवान शर्मा, सत्येंद्र, श्याम सुंदर शर्मा, गजेंद्र बौहरा, बंटी मेडिकल, राजेश शर्मा, कुंदन गुप्ता, घनश्याम शर्मा, मदन रावत, हरि प्रसाद मच्छीपुरा, राजेंद्र वैद्य, महेंद्र गर्ग, बनवारी, टीकम, महेश पाल सिंह जादौन आदि सहित उपस्थित सभी भक्त शामिल हुए। आयोजन से जुड़े अनुज शर्मा ने बताया कि रविवार शाम 7 बजे